नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा प्रारंभ

वर्धा, दि. 17 जनवरी 2020 : महात्मा गांधी अंतराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में दि. 16 से 31 जनवरी 2020 तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा का प्रारंभ स्वच्छता की शपथ लेकर किया गया । स्वच्छता पखवाड़ा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 21 जनवरी को विश्वविद्यालय के छात्रावासों के परिसर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया जाएगा। 22 को आसपास के गावों में स्वच्छता, जागरूकता, नुक्कड नाटक, गीत और कविताओं के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया

जाएगा। 23 को स्वच्छता पर भाषण होगा तथा 24 जनवरी को वन संरक्षण पर भाषण और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं होंगी। 25 को विश्वविद्यालय के भवनों के साथ-साथ परिसर में स्वच्छता की जाएगी। 27 जनवरी को 'अपशिष्ट सामग्री का बेहतर उपयोग' पर कार्यक्रम होगा तथा 29 जनवरी को महाराष्ट्र राज्य जल एवं सिंचाई आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. उल्हास फडके का 'जल समस्या एवं संरक्षण' विषय पर व्याख्यान होगा। इसी दिन स्लोगन लेखन प्रतियोगिता होगी। 30 जनवरी को गांवों में विद्यार्थियों के माध्यम से स्वच्छता पर किये गए कार्यों पर रिपोर्ट प्रस्तुति होगी तथा 31 जनवरी को पोस्टर, स्लोगन की प्रदर्शनी और समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा । विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार तथा

प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कस्तूरबा सभागार में शपथ ग्रहण समारोह में शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. मनोज कुमार ने उपस्थितों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. चंद्रकांत रागीट समेत अध्यापक, अधिकारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्यामें उपस्थित थे।